भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या– 2253
दिनांक 12.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

अन्य देशों में स्थापित वन स्टॉप सेंटर

2253. **डॉ. शर्मिला सरकार:**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने के कृपा करेंगे कि:

(क) अन्य देशों में प्रस्तावित वन स्टॉप सेंटर की वर्तमान स्थिति तथा उनके स्थानों का देश-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) वन स्टॉप सेंटर स्थापित करने हेतु देशों के चयन के लिए निर्धारित मानदंडों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) विदेशों में स्थित वन स्टॉप सेंटर के लिए आवंटित, जारी और व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा क्या हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) विदेश मंत्रालय ने हाल ही में विदेशों में निम्नलिखित 09 भारतीय मिशनों/केंद्रों को उनके संबंधित क्षेत्राधिकारों के अंतर्गत "वन स्टॉप सेंटर" (ओएससी) स्थापित करने के लिए अधिकृत किया है:

क्रम सं	**मिशन/केंद्र**	**देश**
1	भारत का कोंसलावास (सीजीआई), दुबई	संयुक्त अरब अमीरात
2	भारतीय दूतावास (ईओआई), रियाद	सऊदी अरब
3	भारतीय उच्चायोग (एचसीआई), सिंगापुर	सिंगापुर
4	भारत का कोंसलावास, टोरंटो	कनाडा
5	भारतीय दूतावास, दोहा	कतर
6	भारतीय दूतावास, मस्कट	ओमान
7	भारतीय दूतावास, कुवैत	कुवैत
8	भारतीय दूतावास, बहरीन	बहरीन
9	भारत का कोंसलावास, जेद्दाह	सऊदी अरब

(ख) विदेशों में "वन स्टॉप सेंटर" (ओएससी) स्थापित करने के लिए देशों का चयन किसी विशेष देश में रहने वाले भारतीय प्रवासियों की संख्या के आधार पर किया गया था। इन मानदंडों में विदेशों में स्थित भारतीय मिशन/केंद्र भी शामिल थे, जो उनके अधिकार क्षेत्र में बड़ी संख्या में संकटग्रस्त भारतीय महिलाओं की सहायता करते हैं।

(ग) विदेश में "वन स्टॉप सेंटर" (ओएससी) के लिए अब तक आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों का विवरण इस प्रकार है:

क्रम सं.	स्थान	आवंटित बजट (₹)	जारी राशि (₹)	उपयोग की गई राशि (₹)
1	सीजीआई, दुबई	1,13,22,000/-	1,13,22,000/-	46,910/-
2	ईओआई, रियाद	83,00,000/-	83,00,000/-	15,42,402/-
3	एचसीआई, सिंगापुर	1,38,00,000/-	1,38,00,000/-	5,48,918.25/-
4	सीजीआई, टोरंटो	1,36,00,000/-	1,36,00,000/-	1,94,713.5/-
5	ईओआई, दोहा	63,00,000/-	63,00,000/-	27,897/-
6	ईओआई, मस्कट	74,50,000/-	74,50,000/-	12,76,697/-
7	ईओआई, कुवैत	1,88,00,000/-	1,88,00,000/-	शून्य
8	ईओआई, बहरीन	41,20,000/-	41,20,000/-	3,51,689/-
9	सीजीआई, जेद्दाह	65,00,000/-	65,00,000/-	2,60,906/-

*****